# 20वां CSI SIG e-Governance Awards-2022

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में नई दिल्ली के दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित एक समारोह में केंद्र सरकार की '**कंप्यूटर सोसाइटी ऑफ इंडिया**' के 20वें CSI SIG e-Governance Award-2022 के तहत हरियाणा के सूचना, लोकसंपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग को 'Award Of Appreciation' तथा**हरियाणा राज्य चुनाव आयोग को सीएसआई एसआईजी ई-गवर्नेंस अवॉर्ड 2022** से सम्मानित किया गया।

## प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि उक्त अवॉर्ड 25 मार्च, 2023 को सीएसआई एसआईजी की ओर से नई दिल्ली के दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित एक समारोह में प्रदान किये गए।
- प्रोजेक्ट केटेगरी के तहत दिए गए अवॉर्ड 'Award Of Appreciation' को हरियाणा के सूचना, लोकसंपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग की ओर से उपनिदेशक उर्वशी रंगारा ने प्राप्त किया।
- उर्वशी रंगारा ने बताया कि यह अवॉर्ड विभाग द्वारा मीडिया हाउसेज को जारी किये जाने वाले विज्ञापनों के लिये आरंभ की गई पहल 'ऑनलाइन रिलीज ऑर्डर एंड बिलिंग सिस्टम' के लिये मिला है।
- विदित है कि करीब सवा तीन वर्ष पहले मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एक बड़ी पहल करते हुए मीडिया हाउसेस को जारी किये जाने वाले सरकारी विज्ञापनों और उनके भुगतान की समूची प्रक्रिया में पारदर्शिता व दक्षता लाने के लिये इंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ईआरपी) सॉफ्टवेयर लॉंच किया था।
- इस सॉफ्टवेयर से रिलीज ऑर्डर व विज्ञापन संबंधी भुगतान आसान हुआ। समूची प्रक्रिया पूरी तरह से कंप्यूटरीकृत हो गई, जिससे कार्य में तेज़ी और पारदर्शिता आई।
- इस सॉफ्टवेयर की खास बात यह है कि इसे एनआईसी के सहयोग से पूरी तरह से 'इन हाउस' विकसित किया गया है।
- राज्य के सूचना, लोकसंपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग के अलावा हरियाणा राज्य चुनाव आयोग ने स्थानीय निकाय चुनाव प्रबंधन सुचारु रूप से सुनिश्चित करने हेतु आवदनों पर एकीकृत प्रणाली अपनाने पर सीएसआई एसआईजी ई-गवर्नेंस अवॉर्ड 2022 जीता।
- इसे शहरी स्थानीय निकाय 2022 के आम चुनावों के दौरान एनआईसी हरियाणा द्वारा विकसित और कार्यान्वित किया गया था।
- यह पुरस्कार कंप्यूटर सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा प्रदान किया गया और हरियाणा राज्य चुनाव आयोग के सचिव डॉ. इंद्रजीत के साथ हरियाणा राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी दीपक बंसल ने ग्रहण किया।
- इस आईसीटी परियोजना को एनआईसी हरियाणा द्वारा राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह के मार्गदर्शन में विकसित किया गया था।
- हरियाणा राज्य चुनाव आयोग के लिये आईसीटी एप्लीकेशन सूट के कार्यान्वयन का मुख्य उद्देश्य स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से स्थानीय निकाय चुनाव करवाना था। किसी भी समयबद्ध सार्वजनिक गतिविधियों में पारदर्शिता लाने के लिये यह आईसीटी सबसे उपयुक्त है।
- आईसीटी परियोजना में वेब आधारित एकीकृत मॉड्यूल और एप्लिकेशन, मतदाता सूची और वार्ड बंदी तैयार करना, वोटर्स सर्च वेब एप्लिकेशन, चुनाव ड्यूटी पर तैनात करने के लिये कर्मचारियों के डाटा का ऑनलाइन संग्रह करना, नामांकित उम्मीदवारों के विवरण को कैप्चर करना, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के बारे जानना (केवाईसी), चुनाव ड्यूटी प्रबंधन प्रणाली आवेदन, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के हलफनामें (नामांकन की जाच और नामांकन वापस लेने के बाद), चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिये चुनाव चिह्नों का आवंटन, चुनाव प्रक्रिया की निगरानी तथा प्रबंधन प्रणाली जैसी ऑनलाइन मतगणना परिणाम और कई तरह की रिपोर्ट ई-डैशबोर्ड पर तैयार करना शामिल हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/20th-csi-sig-e-governance-awards-2022